प्रदर्शन | वॉटर कैनन से प्रदर्शनकारियों को किया गया तितर-बितर

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया निगम मुख्यालय का घेराव






**नवभारत, जबलपुर।** शहर में पेयजल, स्वच्छता, अमृत-2 योजना की कथित अनियमितताओं, आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन, नामांतरण-लीज प्रकरणों में देरी और बढ़ती नागरिक समस्याओं को लेकर सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्षद दल और शहर युवा कांग्रेस ने नगर निगम मुख्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मालवीय चौक पर एकत्र हुए और रैली के रूप में निगम मुख्यालय की ओर बढ़े। इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया और कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

धरने और प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधानसभा के विधायक लखन घनघोरिया के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पूर्व पार्षद जितिन राज, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनू कुकरेले सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने की मांग की।

### अमृत-2 जल योजना में भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी और सचेतक अयोध्या तिवारी ने आरोप लगाया कि शहर में संचालित 312 करोड़ रुपये की अमृत-2 जल योजना में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद शहर के कई क्षेत्रों में आज भी नागरिकों को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई मोहल्लों में लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं, जबकि योजना का उद्देश्य हर घर तक बेहतर जलापूर्ति पहुंचाना था।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था को भी कठघरे में खड़ा किया।

### प्रदर्शन के दौरान दी चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम प्रशासन और राज्य सरकार ने शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में जनआंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। कांग्रेस ने कहा कि वह जनता से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष जारी रखेगी और शहरवासियों की आवाज को हर स्तर पर उठाएगी। नगर निगम मुख्यालय के घेराव और प्रदर्शन में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, उपनेता प्रतिपक्ष शुगुफ्ता गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद गुलाम हुसैन, राजेश यादव, अरुणा संजय साहू, गुड्डू तामसेतवार, मनीष पटेल, राकेश पांडे, तुलसा लखन प्रजापति, कलीम खान, हर्षित यादव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महापौर के विकास के दावों पर कांग्रेस का हमला

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने महापौर के उन दावों को भी निशाने पर लिया, जिनमें शहर के विकास और बजट व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही गई थी। कांग्रेस का आरोप है कि वर्तमान में नगर निगम की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर बताई जा रही है कि अधिकारी बजट की कमी का हवाला देकर विकास कार्यों को टाल रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि यदि विकास और वित्तीय मजबूती के दावे किए गए थे, तो फिर आज विभिन्न विकास कार्यों के लिए धन की कमी क्यों बताई जा रही है।



## 3300 चालान, 175 के ड्रायविंग लायसेंस होंगे सस्पेंड

**जबलपुर।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार चालाया जा रहा हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत हर दिन यातायात नियमों से नागरिकों को रूबरू कराया जा रहा है इसके साथ नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला भी चल रहा है। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाते पाये गये है, उनके खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है। 26 अप्रैल 2026 से 25 मई तक बिना हेलमेट के खिलाफ लगभग 3300 से अधिक चालान किये जा चुके है। इसी के साथ 175 से अधिक वाहन चालको के ड्रायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जबलपुर को प्रकरण भेजे गये है। जागरूकता और कार्रवाई का अभियान पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में शहर के विभिन्न शासकीय, प्रायवेट संस्थानों एवं शहर के मुख्य-मुख्य चौराहो, तिराहों में हेलमेट जागरूकता हेते विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये गये है।

### चौराहों से लेकर शोरूम में जागरूकता अभियान

उप पुलिस अधीक्षक यातायात मालवीय चौक संतोष कुमार शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढ़ा एवं यातायात स्टॉफके द्वारा साहिल होंडा, सुजुकी शोरूम, नेक्सा षोरूम जबलपुर में वाहन विक्रेताओं के साथ चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्ग, चौराहा, तिराहा में वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

## चाकूबाजी की घटनाओं में 17 प्रतिशत की गिरावट

### पुलिस ने जब्त किए 423 चाकू

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाइयां की जा रहीं हैं। अगर पुलिस रिकार्ड में नजर दौड़ाई जाएं तो चाकूबाजी की घटनाओं में 17 प्रतिशत की गिरावट आई। पुलिस ने लगभग 423 चाकू जब्त किए हैं। पिछले वर्ष 1 जनवरी 2025 से 23 मई 2025 के बीच शहर में चाकूबाजी की 241 घटनाएं सामने आई थीं। इस वर्ष 1 जनवरी 2026 से 23 मई 2026 तक यह आंकड़ा घटकर 201 रह गया है। चाकूबाजी की वारदातें 17 प्रतिशत तक कम हुई हैं। पुलिस ने अवैध रूप से चाकू लेकर घूमने वाले आरोपियों पर भी शिकंजा कसा है। पिछले साल



2025 में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 418 चाकू जब्त किए थे। 2026 में इस साल अब तक पुलिस ने 423 चाकू बरामद किए हैं।

### जेल से छूटे बदमाशों ने भी चलाएं चाकू

एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में दिनांक 1 जनवरी 2026 से 23 मई 2026 तक हुई चाकूबाजी की घटनाओं की थानावार विस्तृत समीक्षा की गई। इस समीक्षा के दौरान पताचला कि बड़ी संख्या में ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं, जहाँ किसी बाहरी अपराधी ने नहीं, बल्कि परिवार के ही सदस्यों, मित्रों और रिश्तेदारों ने मामूली विवाद में अपने ही करीबियों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस विश्लेषण में यह भी साफ हुआ है कि जमानत पर जेल से रिहा होने वाले आरोपियों में दोबारा अपराध करने की प्रवृत्ति परिलक्षित हुई है। जेल से छूटते ही कई बदमाशों ने फिर से चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया।

### हॉटस्पॉट चिन्हित कर बनाई विशेष टीमें

पुलिस ने शहर के ऐसे संवेदनशील इलाकों और संदिग्ध व्यक्तियों को पूरी तरह चिन्हित कर लिया है, जहाँ पूर्व में चाकूबाजी या हिंसक गतिविधियां अधिक हुई थीं। इन चिन्हित अपराधियों पर पुलिस की विशेष टीमें चौबीसों घंटे लगातार निगरानी रख रही हैं।

## खेल के मैदान में दीवार के पास बैठा था आठ फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** विजय नगर थानांतर्गत ग्राम बसहा में एक निजी स्कूल के सामने खेल के मैदान में शाम चार बजे काम कर रहे सूरज यादव की नजर दीवार के पास सटकर बैठे मटमैले रंग के आठ फीट लंबे सांप पर पड़ी तो वे अवाक रह गए। इसकी सूचना तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का है। जिसे अधिक चूहे खाने के कारण रैट स्नेक कहते हैं।ये सर्प जहरीला नहीं होता है। गर्मी में अधिक तापमान के कारण ये दीवार की मिट्टी में छिपकर पर्याप्त मात्रा में ठंडक ले रहा था। रैस्क्यू के दौरान ये आक्रामक भी हो रहा था।

## दिल्ली का फर्जी व्यापारी बनकर ट्रांसपोर्ट मैनेजर से उड़ाए 50 हजार

**जबलपुर।** एक जालसाज ने खुद को दिल्ली का बड़ा कारोबारी बताकर माढ़ोताल थाना अंतर्गत करमेता स्थित हरियाणा पंजाब रोडवेज के मैनेजर को अपनी बातों के जाल में फंसाया। आरोपी ने न सिर्फ गाड़ियों को लोड करने का नाटक किया, बल्कि मजबूरी का ढोंग रचकर मैनेजर के खाते से 50,000 रुपये पार कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।




पुलिस ने बताया कि ग्राम भमका, पाटन निवासी 32 वर्षीय शुभम सिंह ठाकुर करमेता में हरियाणा पंजाब रोडवेज के ऑफिस में बतौर मैनेजर काम करते हैं। उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने रौबदार आवाज में अपना नाम पवन जैन निवासी दिल्ली बताया। उसने कहा, भैया, मुझे दिल्ली माल भेजने के लिए तुरंत दो गाड़ियां चाहिए। मैनेजर को पूरा भरोसा दिलाने के लिए ठग ने मोबाइल पर एक बकायदा एड्रेस मैसेज किया जैन इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं. 108, इंडस्ट्रीज एरिया, नजदीक वाय धर्मकांटा, रिछाई, जबलपुर, फोन पर ही 2600 रुपये प्रति टन के हिसाब से भाड़ा तय हो गया। मैनेजर शुभम ने बिना देर किए एक 35 टन और दूसरी 25 टन की बड़ी गाड़ियां माल लोड करने के लिए रिछाई भेज दीं।

### मजबूरी का ढोंग रचकर ठगी, रिछाई में बताई नकली फैक्ट्री

गाड़ियां खड़ी होते ही कथित पवन जैन का फिर फोन आया। उसने रोना रोते हुए कहा, मेरी एक गाड़ी इंदौर में फंसी है, उसमें तुरंत 10,000 रुपये डालने हैं। आप अभी भेज दो, मैं गाड़ियों के एडवांस के साथ आपको ये पैसे नकद दे रहा हूँ। शुभम ने जब कहा कि वह एक मुलाजिम है और उसके पास इतने पैसे नहीं हैं, तो ठग ने अपनी मजबूरी का वास्ता देकर दबाव बनाया। झांसे में आकर शुभम ने ठग द्वारा भेजे गए सैरू कुमार के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते में अपने इंडसइंड बैंक अकाउंट से गूगल पेके जरिए 10-10 हजार रुपये करके कुल 5 बार में 50,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे ऐंठने के बाद भी आरोपी दोपहर 3 बजे तक लगातार फोन पर बात करता रहा और कहता रहा कि वह बस रास्ते में है और आ रहा है। जब काफी देर तक गाड़ियां लोड नहीं हुईं, तो शुभम खुद रिछाई स्थित उस पते पर पहुंचे। वहां जाकर उनके होश उड़ गए, क्योंकि उस पूरे इलाके में जैन इंडस्ट्रीज नाम की कोई फैक्ट्री वजूद में ही नहीं थी। इसके बाद आरोपी का मोबाइल भी बंद हो गया। धोखाधड़ी का अहसास होते ही पीड़ित मैनेजर ने माढ़ोताल थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

## एक नजर में



### नीलेश बर्मन ने अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में की सहभागिता

**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र नीलेश बर्मन ने अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। यह सम्मेलन लॉस एंजेलिस, अमेरिका में 21 मई से 24 मई तक आयोजित किया गया था। नीलेश बर्मन ने उक्त सम्मेलन में वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर अपने विचार व्यक्त किए।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग द्वारा नीलेश बर्मन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र को सम्मानित करने के इस विशेष अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के ओएसडी डॉ. अजय गुप्ता, उच्च शिक्षा विभाग के ओएसडी डॉ. पवन तिवारी एवं डॉ. ज्योति जुनगरे मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

### हॉस्टल में कॉलेज छात्र को पीटा, जबरन रकम करवाई ट्रांसफर

**जबलपुर।** माढ़ोताल निवासी एक कॉलेज छात्र की हॉस्टल में पिटाई करने के बाद बदमाश ने जबरन रकम खाते में ट्रांसफर करवा ली और धमकाते हुए फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक अभिषेक पाण्डे 22 वर्ष निवासी गली नम्बर 9 माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रीराम कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। शाम लगभग 5 बजे अपने हॉस्टल में अपने दोस्त चंद्रकांत सिंह के साथ था उसी समय आयुष राजपूत बिना कारण उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा बोला कि मोबाइल निकाल जो नम्बर बता रहा हूं उस नम्बर पर पैसे ट्रांसफर करो, उसने कहा कि उसके खाते में पैसे नहीं है तो बोला कि अपने दोस्त से उधार लेकर दो, उसके दोस्त चंद्रकांत को भी धमकी दिया तो वह डरकर अपने दोस्त चंद्रकांत से मोबाइल पर आनलाईन 1500 रूपये लेकर आयुष राजपूत के बताये हुये नम्बर पर आयुष राजपूत ने ट्रांसफर कराया। रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी आयुष राजपूत पिता आशीष राजपूत 25 वर्ष निवासी ग्रीनसिटी बाबा बर्फानी कॉलोनी माढ़ोताल को गिरफ्तार कर लिया है।

### गर्भपात के बाद महिला को मिल रही प्रताड़ना

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत समीक्षा टाउन निवासी एक महिला को गर्भपात के बाद प्रताड़ित किया जा रहा है। आए दिन उसके साथ मारपीट की जा रही है। पुलिस ने पति, सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को तनु रजक 23 वर्ष निवासी समीक्षा टाउन नार्थ सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी वर्ष 2021 में संजय कुमार रजक से सामाजिक रीति रिवाज से हुयी थी पति संजय रजक मेट्रो अस्पताल में आयुष्मान विभाग में काम करते हैं शादी के एक वर्ष बाद उसका गर्भपात होने के बाद पति एवं सास का व्यवहार उसके प्रति अच्छा नहीं रहा आये दिन घरेलू बातों को लेकर उसके साथ मारपीट कर शरीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पति व सास बोलते थे अगर बच्चे नहीं हो रहे हैं तो घर से चली जाओ। सोमवार सुबह उसके साथ मारपीट की गई।

## 'पोल खोल हल्ला बोल' आंदोलन की कांग्रेस ने की रणनीति तैयार

### जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण की बैठक में मंथन

**नवभारत, जबलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण की बैठक अग्रवाल बारात घर में आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, जिला प्रभारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, विधानसभा प्रभारी परम यादव, महेंद्र जैन बैठक में 'पोल खोल हल्ला बोल' आंदोलन को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की व्याप्त समस्याओं को लेकर व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर यह आंदोलन पंचायत स्तर से शुरू होकर मंडल, ब्लॉक एवं जिला स्तर तक चलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण द्वारा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था की विफलता एवं किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर 'पोल खोल हल्ला बोल' आंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। आंदोलन के माध्यम से भाजपा सरकार की कथित विफलताओं को जनता के बीच उजागर किया जाएगा।



### दो चरणों में संचालित होगा आंदोलन

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नेतृत्व में आंदोलन दो चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण में 26 मई से 25 जून तक प्रत्येक बूथ, पंचायत, मंडलम एवं ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा। कार्यकर्ता क्षेत्रीय एवं जिला स्तर की समस्याओं को चिन्हित कर क्रमबद्ध आंदोलन चलाएंगे। इस दौरान तहसील मुख्यालयों में प्रदर्शन, धरना एवं अर्थी जुलूस जैसे विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं द्वितीय चरण में 20 जून से 30 जून के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं संगठन प्रभारी हरीश चौधरी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। आंदोलन के दौरान कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ 11 प्रमुख मुद्दे उठाए जाएंगे, जिनमें गाँवों में बढ़ता शराब एवं नशे का अवैध कारोबार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार, आदिवासियों को वन अधिकारों से वंचित रखना, किसानों की समस्याएं, बिजली कटौती एवं बढ़े हुए बिजली बिल, जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार, ग्रामीण शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली, महिलाओं से किए गए वादों को पूरा नहीं करना, किसानों की फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी में अनियमितता तथा नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन जैसे मुद्दे प्रमुख रहेंगे। इस आंदोलन का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, विधानसभा प्रभारी परम यादव एवं महेंद्र जैन करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन महासचिव राजेश पटेल, परम लाल अह वासी, विवेक यादव, चतुर सिंह लोधी, रुक्मिणी गोंटिया, विवेक यादव मौजूद रहे।
















